एक नजर में

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित



इंदौर. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित किए गए खेलकूद प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान के मुख्य आतिथ्य में जनपद प्रांगण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत देपालपुर राजेंद्र खरे एवं बी.आर.सी. गणेश सोलंकी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश ख़ान ने में कहा कि प्रतिभा किसी शारीरिक सीमा की मोहताज नहीं होती, उसे केवल अवसर और विश्वास की आवश्यकता होती है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड पंचायत अधिकारी राजेंद्र खरे एवं बी.आर.सी. श्री गणेश सोलंकी ने कहा कि ऐसे आयोजन विशेष बच्चों के आत्मबल को सुदृढ़ करते हैं. कार्यक्रम का संचालन सलाहकार बशीर नागौरी व कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण नागर ने किया. आभार प्रदर्शन सीएसी रमेश झालारिया ने किया. समारोह में जनपद पंचायत स्टाफ रश्मि साहू, गीता नामदेव सहित छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावकगण एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा. समारोह के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया.

## सत्कर्म को पुष्ट करने का माध्यम भागवत कथा



इंदौर. घी का निर्माण भले ही दूध से होता हो लेकिन स्वाद में भिन्नता होती है उसी प्रकार भागवत कथा वेद, उपनिषद, पुराण से कुछ भिन्न हैं. देवता भी भागवत कथा के श्रवण के लिए उत्सुक रहते हैं. मनुष्य के सत्कर्म को पुष्ट करने का माध्यम भागवत कथा श्रवण है. उपरोक्त विचार राजेंद्र नगर स्थित पाराशर नगर में चल रही साथ दिवसीय भागवत कथा के प्रथम दिवस पर श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान के युवराज यतींद्राचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किये. मंदिर समिति के मनोहर सोनी, दिनेश अग्रवाल एवं हरिकिशन साबू भोपूजी ने बताया कि भागवत कथा हेतु शोभायात्रा राजेंद्र नगर हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई जो कथा स्थल श्याम धाम तक पहुंची. सैकड़ो की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी वहीं पुरुष धवल वस्त्र पहनकर भागवत गुणगान करते हुए चल रहे थे. लाठी परिवार द्वारा युवराज यतींद्राचार्य जी का बहुमान किया गया. इस अवसर पर संपूर्ण लाठी परिवार, भगवानदास हेडा, अनुराग तिवारी ,ज्योति नागोरी, सरलाहेड़ा सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे. 7 फरवरी को कथा का प्रारंभ पाराशर नगर पर राजेंद्र नगर स्थित पानी की टंकी के पास दोपहर 2.30 बजे से होगा

## एमपीएएसआई कॉन के पहले दिन सर्जन्स ने देखी लाइव सर्जरी



इंदौर. तीन दिवसीय एमपीएएसआई कॉन 2026 के पहले दिन सर्जरी के आधुनिक और जटिल मामलों की लाइव सर्जरी हुई इसमें देशभर से आए सर्जनों का ध्यान खींचा. एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के मध्यप्रदेश स्टेट चैप्टर और इंदौर सिटी चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली इस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में हैदराबाद से दिखाई गई एक रेयर रोबोटिक कैंसर सर्जरी से हुई, जिसमें रोबोटिक तकनीक के जरिए महिला मरीज के कैंसर का सफलता पूर्वक उपचार किया गया. हैदराबाद से डॉ जगदीश्वर गौड़ ने यह लाइव सर्जरी प्रस्तुत की, जिसे होटल रेडिसन ब्लू में दिखाया गया. प्रेसिडेंट डॉ राकेश शिवहरे ने बताया कि एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के मध्यप्रदेश स्टेट चैप्टर और इंदौर सिटी चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में हो रही इस कॉन्फ्रेंस में देशभर से 500 से ज्यादा सर्जन हिस्सा ले रहे हैं. डॉ.शिवहरे ने लेप्रोस्कोपी से रेक्टम कैंसर सर्जरी की जिसमें मरीज़ के मलाशय को हटाकर सीधे बड़ी आंत से जोड़ा गया। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन कुल 15 लाइव सर्जरी की गईं. सेक्रेटरी डॉ अक्षय शर्मा ने पाइल्स की स्टेपलर सर्जरी से स्विचर लगाए. तीन दिनों के दौरान करीब 200 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें सर्जरी के क्षेत्र में हो रहे नए शोध और अनुभव साझा किए जाएंगे.

## सीवीआईसी इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी समिट आज से

इंदौर. तेज़, सुरक्षित और कम दर्द वाले इलाज की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, सेंटर ऑफ वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल केयर (सीवीआईसी) द्वारा इंदौर में 7 और 8 फरवरी को सीवीआईसी इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी समिट 2026 का आयोजन किया जा रहा है. यह दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का वैज्ञानिक कॉन्फ्रेंस इरकाड इंडिया, अरबिंदो कैंपस में आयोजित होगी. इस समिट में देशभर से इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट, न्यूरोइंटरवेंशनिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, वास्कुलर सर्जन, नेफ्रोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट, एंडोवैस्कुलर विशेषज्ञ, फेलो और युवा कंसल्टेंट्स भाग लेंगे. समिट से पहले 7 फरवरी को प्री-कॉन्फ्रेंस एडवांस एंडोवैस्कुलर हैंड्स-ऑन स्किल्स लैब आयोजित की जाएगी. सीवीआईसी इंदौर के इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट एवं समिट ऑर्गनाइजिंग फैकल्टी सदस्य डॉ. निशांत भार्गव ने कहा, मध्य भारत में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी अभी भी तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है, जबकि बड़े शहरों में ये तकनीकें नियमित रूप से इस्तेमाल हो रही हैं. हमारा उद्देश्य है कि इंदौर जैसे शहरों में भी डॉक्टरों को वही विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और एक्सपोजर मिले.

# शादी समारोहों में सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था पर पुलिस सख्त

### मैरेज गार्डन व होटल संचालकों को दी कड़ी हिदायत

इंदौर. पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था अमित कुमार सिंह, डीसीपी जोन-02 कुमार प्रतीक तथा अतिरिक्त डीसीपी जोन-02 के मार्गदर्शन में विजयनगर थाना परिसर में मैरेज गार्डन संचालकों, होटल प्रबंधकों और डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई. बैठक सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि बैठक में विवाह समारोह एवं सामाजिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा, शांति व्यवस्था, यातायात संचालन और ध्वनि नियंत्रण को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए. पुलिस ने सभी मैरेज गार्डनों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने, 24 घंटे रिकॉर्डिंग रखने और फुटेज 30 दिन सुरक्षित रखने के निर्देश दिए. साथ ही कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य करने और संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने को कहा गया. ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती दिखाते हुए रात 10 बजे के बाद तेज डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध की चेतावनी दी गई.



**संयोगितागंज में देर रात तेज डीजे बजाने पर केस दर्ज-** संयोगितागंज पुलिस ने शादी समारोह में तय समय के बाद तेज आवाज में डीजे साउंड बजाने पर कार्रवाई करते हुए प्रेम इलेक्ट्रिकल साउंड के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. सब उपनिरीक्षक अम्बाराम डाबर ने बताया कि देर रात करीब 2-03 बजे ओल्ड एबी रोड स्थित जीपीओ स्क्वेयर, उषागंज छावनी क्षेत्र में तेज आवाज से डीजे बजाया जा रहा था, जिससे आसपास के लोगों को भारी शोर से परेशानी हो रही थी और जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई थी.

### बैठक में यह निर्देश भी दिए गए

सहायक आयुक्त ने ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बारात के दौरान मुख्य सड़कों पर जाम न लगाने, स्वयंसेवकों की तैनाती, पर्याप्त पार्किंग, प्रवेश-निकास मार्ग, प्रकाश और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था अनिवार्य की गई. आयोजन स्थलों पर फायर सेफ्टी उपकरण, इमरजेंसी एग्जिट, फर्स्ट-एड किट और प्रशिक्षित स्टाफ की मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए. इसके अलावा आतिशबाजी को नियंत्रित रखने और कार्यक्रम की जानकारी पूर्व में थाने को देने को कहा गया. पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित आयोजकों और संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उद्देश्य यही है कि शहर में शादी समारोह सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हों.

# केंद्रीय जेल में गूंजे गीता के उपदेश, बंदी भक्ति में लीन

### आम दिनों से अलग ही नजर आया केंद्रीय जेल का माहौल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शुक्रवार सुबह केंद्रीय जेल का माहौल आम दिनों से बिल्कुल अलग नजर आया. मुख्य द्वार से ही ढोल-नगाड़ों की आवाज और जयकारों के बीच राष्ट्रीय संत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का आगमन हुआ. उनके स्वागत में आदिवासी बंदियों का भगोरिया नृत्य दल आगे-आगे चल रहा था, जबकि महिला बंदियों ने सिर पर कलश रखकर जुलूस निकाला. पूरा परिसर कुछ देर के लिए किसी धार्मिक आयोजन स्थल जैसा दिखाई देने लगा.**

संतश्री के साथ पहुंचे जेल महानिदेशक वरुण कपूर सपत्नीक कार्यक्रम में शामिल हुए. प्रवेश के बाद स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने जेल में बने उत्पादों की प्रदर्शनी देखी और बाल राधा-कृष्ण बने बच्चों से आत्मीयता से मुलाकात कर उन्हें उपहार दिए.

मुख्य मंच पर श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत हुई. बंदी और बंदिनियों के समूह ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत किए, जिन पर दर्शक दीर्घा में बैठे बंदी तालियों के साथ झूमते नजर आए. मंत्रोच्चार के बीच संतश्री का चरण प्रक्षालन हुआ. महानिदेशक वरुण कपूर ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया.



### कर्म, संयम और आत्मशुद्धि का दिया संदेश

अपने संबोधन में स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने गीता के श्लोकों के माध्यम से कर्म, संयम और आत्मशुद्धि का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, मनुष्य अपने कर्म से जीवन की दिशा बदल सकता है. प्रवचन के दौरान कई बंदी भावुक होते भी दिखाई दिए. करीब एक हजार बंदियों की मौजूदगी में पूरा परिसर अनुशासन और श्रद्धा से भरा रहा. कार्यक्रम के अंत में वरुण कपूर ने संतश्री का आभार जताया.

## सोशल मीडिया पर जेल का फर्जी वीडियो वायरल

नव भारत न्यूज

इंदौर. बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर जिला जेल से जुड़ा बताकर एक वीडियो तेजी से वायरल किया जा रहा था, जिसने जेल प्रशासन को भी असमंजस में डाल दिया. वीडियो में कैदियों की बैरक, अंदरूनी गतिविधियां और दिनचर्या जैसी झलक दिखाई जा रही थी, जिसे कुछ इंस्टाग्राम अकाउंट्स ने आपत्तिजनक कंटेंट के साथ पोस्ट किया. मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला जेल अधीक्षक ने पुलिस कमिश्नर से औपचारिक शिकायत दर्ज कराई. जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वायरल वीडियो इंदौर जिला जेल का नहीं, बल्कि अजय देवगन की एक फिल्म की शूटिंग के दौरान भोपाल में तैयार किए गए जेल सेट का है. सोशल मीडिया पर इसे एडिट कर जिला जेल का बताकर प्रसारित किया. वीडियो को जानबूझकर भ्रम फैलाने के उद्देश्य से शेयर किया है. जिला जेल से इस वीडियो का कोई संबंध नहीं है और इसे गलत तरीके से वास्तविक जेल का रूप देकर वायरल किया. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वीडियो किसने तैयार किया और इसे वायरल करने के पीछे मंशा क्या थी. जेल प्रशासन ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर के साथ क्राइम ब्रांच में भी दर्ज कराई है. मामले में पुलिस सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक कंटेंट के नेटवर्क तक पहुंचने की कोशिश कर रही है.

**यह है पूरा मामला...**

वीडियो 'भैय्यू डार्लिंग' नामक इंस्टाग्राम अकाउंट से भी अपलोड किया गया था, जहां जिला जेल और पुलिस से जुड़े अन्य वीडियो हथकड़ी पहने हुए दृश्यों के साथ डाले गए. बाद में आजाद नगर क्षेत्र से जुड़े एक सोशल मीडिया यूजर ने भी इसे शेयर कर हटाया.

# स्टूडेंट्स को मिला स्टार्टअप इकोसिस्टम समझने का मौका

### माफिया इंक चैंपियनशिप और आंत्रप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन समिट का आयोजन

इंदौर. स्टूडेंट्स को स्टार्टअप इकोसिस्टम और लीडरशिप को समझाने के लिए माफिया इंक चैंपियनशिप और इंदौर स्टूडेंट आंत्रप्रेन्योरशिप कॉन्फ्रेंस-2026 का आयोजन किया गया. माफिया इंक के संस्थापक मधुकर केशवमूर्ति सौरभ राठौर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी समेत कार्यक्रम के दौरान कई दिग्गज उपस्थित रहे, जिन्होंने स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन किया तथा मध्यप्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम और स्टूडेंट आंत्रप्रेन्योरशिप पर बात रखी.

कार्यक्रम में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से हेमंत राजोरिया, एलआईसी से संजय कुमार शर्मा और रोहित प्रसाद, निजी कंपनी की सीईओ नेहा गौर तथा स्टार्ट अप इकोसिस्टम से किंजल्क



पंचोली प्रमुख रहे इस आयोजन में डॉ. मोहित दुबे, प्रो वाइस चांसलर, एमआईटी एडीटी यूनिवर्सिटी, सुंदर रामकृष्णन समेत कई जाने-माने स्टार्टअप लीडर्स और इकोसिस्टम बिल्डर्स मौजूद रहे. उन्होंने स्टूडेंट्स को बताया कि आज छोटे शहरों से भी बड़े स्टार्टअप्स निकल रहे हैं. जरुरत है, तो सिर्फ सही समय पर सही एक्सपोज़र और सही गाइडेंस की. साथ ही, स्टूडेंट्स को स्टार्टअप स्किल्स के तहत प्रॉब्लम को समझने और उसका सर्वश्रेष्ठ हल निकालने पर प्रकाश डाला. आयोजक तथा माफिया इंक के संस्थापक मधुकर केशवमूर्ति ने कहा कि आज का छात्र सिर्फ डिग्री नहीं चाहता, वह रियल लाइफ स्किल्स सीखना चाहता है. इसी सोच के साथ इस पूरे प्लेटफॉर्म को तैयार किया गया है, ताकि छात्र क्लासरूम से बाहर निकलकर असली दुनिया की चुनौतियों को समझ सकें. सौरभ राठौर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी- माफिया इंक ने कहा कि आने वाले महीनों में इस चैंपियनशिप से जुड़े गेम्स और मोमेंट्स को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किया जाएगा, ताकि और भी ज्यादा स्टूडेंट्स इससे प्रेरणा ले सकें.

### ये रहे विजेता...

चैंपियनशिप में विभिन्न कॉलेजों के सात सौ स्टूडेंट जुड़े थे. इनमें पूरे आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण रहा माफिया इंक चैंपियनशिप, जो एक स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट गेम है. इसमें लब्धि नाहर, पहल जैन, माधवी धुदानी, लक्ष्मी चौधरी, रवि ठाकुर, भावेश निकुम्बे और शीतल सोमानी विनर्स रहे.



## आर्थिक नीतियों और भविष्य की योजनाओं पर की चर्चा

**अभा जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन द्वारा नए बजट पर परिचर्चा**

इंदौर. अभा जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन द्वारा नए बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम में देश की आर्थिक नीतियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई. बजट परिचर्चा में जहां देश की आर्थिक स्थिति, चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की.

बजट परिचर्चा कार्यक्रम में, बजट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई. विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को साझा किया और एक दूसरे के साथ चर्चा की. फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन ने स्वागत उद्बोधन दिया. बजट परिचर्चा में फेडरेशन सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता सी ए पारस डोसी इंडोथाई ने कैपिटल मार्केट के बारे में विस्तार पूर्वक चिंतन रखा और वैश्विक घटनाक्रमों के बीच किस तरह से कैपिटल मार्केट में स्थिर रहकर मुनाफा कमाए इस पर विचार रखे. सीए अभिषेक गांग ने अंतर्राष्ट्रीय कर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की.सी ए सुनील जैन ने जी एस टी पर विशेष वक्तव्य दिया. प्रत्यक्ष कर के विभिन्न पहलुओं एवं टैक्स प्लानिंग को सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों से समझाया. कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रोफेशनल कमेटी चेयरमैन सी एस अजित जैन ने आग्रह किया कि महिलाओं को अपनी वसीयत अवश्य बनाना चाहिए. बैंकिंग कमेटी के चेयरमेन विनोद मेहता ने बजट में बैंकिंग में आए बदलाव की जानकारी प्रदान की. संचालन सी ए नरेन्द्र भंडारी ने किया.

परिचर्चा में फेडरेशन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र जैन, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पियूष जैन, प्रकाश भटेवरा, मार्गदर्शक शरद डोसी, उपेन्द्र जैन, सीए पीडी नागर, राजेंद्र शारडा, आर के नीमा, यशवंत लोभाने, सतीश वेद, रितेश कटकानी, पुखराज लसोड़, नरेन्द्र जैन, सीएस नवीन पटवा, सीए दीप्ति सिसौदिया, रवि डफ़रिया आदि विशेष रूप से उपस्थित थे. संचालन सीए नरेन्द्र भंडारी ने किया. आभार सीएस अजित जैन ने व्यक्त माना.


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग संभाग,क्र 2 इंदौर**

E-mail ID:- eepwd2ind@mp.nic.in Phone No 0731-2490964

निविदा आमंत्रण सूचना क्रं.:-23 / व.ले.लि. / 2025-26 इन्दौर दिनांक 30.01.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रू.) | निविदा प्रपत्र की राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWD RB_ 479273_1 | हासाखेडी से बडोदापंथ मार्ग लम्बाई 3.00 किमी का निर्माण कार्य यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित | इंदौर | 449.44 | 449440/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2026_PWD RB_ 479274_1 | पुवादादायी से हनुमान मंदिर सांवेर क्षिप्रा रोड लम्बाई 4.20 किमी. का निर्माण कार्य यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित | इंदौर | 445.10 | 445100/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2026_PWD RB_ 479275_1 | कांकडिया बोडिया से सगवाल रोड लम्बाई 3.30 किमी का निर्माण कार्य यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित | इंदौर | 414.78 | 414780/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2026_PWD RB_ 479277_1 | चित्तोडा गौशाला पहुंच मार्ग लम्बाई 2.00 किमी का निर्माण कार्य यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित | इंदौर | 363.38 | 363380/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 07 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2026_PWD RB_ 479278_1 | पंचोला जेल से मण्डोट मार्ग लम्बाई 3.30 किमी का निर्माण कार्य यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित | इंदौर | 345.93 | 345930/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 07 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | 2026_PWD RB_ 479279_1 | बोडिया ईमा से मुरादपुरा कांकड मार्ग लम्बाई 1.30 किमी. का निर्माण कार्य यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित | इंदौर | 200.67 | 200670/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | 2025_PWD RB_ 479280_1 | पीर कराडिया से सिलोटिया मार्ग क्षिप्रा घाट लम्बाई 3.20 किमी. मार्ग का निर्माण कार्य मय युटिलिटी शिफ्टिंग। | इंदौर | 380.04 | 3,80,040/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | 2026_PWD RB_ 479281_1 | एस.टी.एम.सी. के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग संभाग क्र. 02 इन्दौर में विभिन्न सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | इंदौर | 463.03 | 4,63,030/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग | | 3062.37 | | | | |

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है।1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2. अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 3. पेन कार्ड , 4. एफिडेविट 5. जी.एस.टी.एंन न 6. .आधार कार्ड एवं रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र, एवं अन्य विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 04.02.2026 सुबह 10.30 से दिनांक 16.02.2026 सायं 17:30 बजे तक निर्धारित है।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एंव अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार होगे भौतिक रूप से एफ.डी.आर स्वीकार नही होगी ।
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाईट पर ही किया जावेगा, ।

G25414/25

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग क्र 2, इंदौर


एक नजर में | गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद के सानिध्य में कनाड़िया रोड स्थित केबीसी सभागृह में तीन दिनी दिव्य गीता सत्संग का शुभारंभ

# नैराश्य के गर्त से विश्वास के शिखर तक पहुंचाने में सक्षम गीता के संदेश

इंदौर. गीता हमारी आँखे खोलने वाला ग्रन्थ है. यह आँख विचार, विवेक और दिव्यता की दृष्टि प्रदान करती है. भगवद गीता वह दिव्य ग्रन्थ है जिसके संदेश नैराश्य के गर्त से व्यक्ति को आशा और विश्वास के शिखर तक पहुंचाने में सक्षम हैं. आज के वातावरण में समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए गीता हर दृष्टि से प्रासंगिक और बहुआयामी ग्रन्थ है. दुर्योधन ने महाभारत के युद्ध में किसी भी स्वजन से आशीर्वाद प्राप्त नहीं किया था जबकि अर्जुन को भगवान कृष्ण सहित विपक्ष के वरिष्ठों का भी आशीर्वाद मिला. जीवन में आशीर्वाद बहुत बड़ी पूंजी होती है. गीता वर्तमान युग में पूरे विश्व के लिए मार्गदर्शक ग्रन्थ है.

ये विचार हैं प्रख्यात गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद के, जो उन्होंने शुक्रवार को कनाड़िया रोड, मोर्या हिल्स स्थित कुसुम देवी छावछरिया सभागृह पर सूठीबाई दौलतराम पारमार्थिक न्यास की मेजबानी में प्रारंभ हुए दिव्य गीता सत्संग अनुष्ठान के शुभारंभ सत्र में उपस्थित शहर के प्रबुद्ध और गणमान्यजनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. प्रारंभ में यजमान समूह के बालकृष्ण छावछरिया, ट्रस्ट के चेयरमैन समाजसेवी विनोद अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल, सचिव कुलभूषण मित्तल कुक्की, विमल तोडी, मनोरंजन मिश्रा, डॉ. निशा जोशी, विनय छावछरिया, जयश्री अग्रवाल, दिनेश मित्तल, टीकमचंद गर्ग, निर्मल रामरतन अग्रवाल, विष्णु बिंदल, अचल चौधरी, योगेन्द्र जैन बाबा एवं खजराना गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी पं. अशोक भट्ट सहित आयोजन से जुड़े अनेक श्रद्धालुओं ने महामंडलेश्वरजी का स्वागत किया. सांसद दर्शन चौधरी एवं अन्य अतिथियों ने मंगलाचरण के बीच दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया. ग्लोबल इंस्पीरेशन एनलाइटनमेंट आर्गेनाइजेशन ऑफ़ भगवद गीता (जीओ गीता) के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप मित्तल, समाजसेवी विनोद अग्रवाल, समन्वयक डॉ. कुलभूषण मित्तल एवं प्रदेश संयोजक मनोरंजन मिश्रा, एसएन गोयल समाधान एवं सीए एसएन गोयल ने आयोजन एवं ट्रस्ट के सेवा कार्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी.. कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान गुड्डू, पार्षद प्रणव मंडल, लायंस के अनेक पदाधिकारी, सीए पंकज गुप्ता, रसनिधि गुप्ता, वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ. शरद डोसी, अनुराधा मिश्रा, सौगात मिश्रा, रवि अग्रवाल, राजेश बंसल सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने महामंडलेश्वरजी की अगवानी की.





### विमानतल पर किया आत्मीय स्वागत

शुक्रवार को सुबह विमान से इंदौर आगमन पर स्वामी ज्ञानानंदजी का आयोजन से जुड़े सूठीबाई दौलतराम पारमार्थिक न्यास के प्रमुख बालकृष्ण छावछरिया, समन्वयक कुलभूषण मित्तल कुक्की, डॉ. निशा जोशी, विकास गुप्ता, मनोरंजन मिश्रा (भोपाल), सीए पंकज गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने उनका आत्मीय और गरिमापूर्ण स्वागत किया. कार्यक्रम समन्वयक कुलभूषण मित्तल कुक्की ने बताया कि 7 फरवरी को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक कुसुमदेवी छावछरिया सभागृह में प्रख्यात गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद के आशीर्वचन होंगे. कथा स्थल पर भक्तों की सुविधा के लिए बैठक व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, निशुल्क वाहन पार्किंग, सहित अनेक व्यवस्थाएं की गई हैं.